# Haryana Government Gazette

## EXTRAORDINARY

Published by Authority


© Govt. of Haryana

No. 110-2020/Ext.] CHANDIGARH, TUESDAY, AUGUST 4, 2020 (SRAVANA 13, 1942 SAKA)

**हरियाणा सरकार**

आबकारी तथा कराधान विभाग

**अधिसूचना**

दिनांक 4 अगस्त, 2020

**संख्याः 68/आ०–1/पं०अ० 1/1914/धा० 21 तथा 59/2020.–** पंजाब आबकारी अधिनियम, 1914 (1914 का पंजाब अधिनियम 1), की धारा 21 तथा 59 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तथा हरियाणा सरकार, आबकारी तथा कराधान विभाग, अधिसूचना संख्या 9/आ0–1/पं0अ01/1914/धा0 9/2020, दिनांक 28 जनवरी, 2020 के प्रतिनिर्देश से, मैं, शेखर विद्यार्थी, आबकारी आयुक्त, हरियाणा, इसके द्वारा, अप्रैल, 2020 के प्रथम दिन से पंजाब आसवनी नियम, 1932, हरियाणा राज्यार्थ, को आगे संशोधित करने के लिए, निम्नलिखित नियम बनाता हूँ, अर्थात्:–

1. ये नियम पंजाब आसवनी (हरियाणा द्वितीय संशोधन) नियम, 2020, कहे जा सकते हैं।

2. पंजाब आसवनी नियम, 1932 (जिन्हें, इसमें, इसके बाद, उक्त नियम कहा गया है) में, नियम 28 में, विद्यमान खण्ड के पश्चात, निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाएगा, अर्थात् :–

''(ii) आसवनी से प्रेषण के लिए संचालन का समय 09:00 बजे से 17:00 बजे तक सीमित रहेगा। यदि कोई भी आसवनी निर्धारित समय के बाद शराब को बाहर भेजते हुए पाई जाती है तो प्रथम अपराध पर 1.00 लाख रूपये की शास्ति, दूसरे अपराध पर 2.50 लाख रूपये और तीसरे अपराध पर 5.00 लाख रूपये तथा किसी पश्चात्वर्ती अपराध पर, अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जायेंगी।''।

3. उक्त नियमों में, नियम 32 में, ''एक दिन या एक दिन के हिस्से की 15.00 रूपये की फीस सरकार को दी जाती है'' शब्दों तथा अंकों के स्थान, '' सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के साथ दूसरी बारी के रूप में 8 घण्टे के लिए आसवनी के द्वारा 10,000/–रूपये के भुगतान पर और अधिक बढाया जा सकता है।

शेखर विद्यार्थी,
आबकारी तथा कराधान आयुक्त,
हरियाणा।

**HARYANA GOVERNMENT**

EXCISE AND TAXATION DEPARTMENT

**Notification**

The 4th August, 2020

**No. 68/X-1/P.A. 1/1914/Ss. 21 and 59/2020.—** In exercise of the powers conferred by sections 21 and 59 of the Punjab Excise Act, 1914 (Punjab Act 1 of 1914), and with reference to the Haryana Government, Excise and Taxation Department, notification No.09/X-1/P.A.1/1914/S.9/2020, dated the 28th January, 2020, I, Shekhar Vidyarthi, Excise Commissioner, Haryana, hereby makes the following rules further to amend the Punjab Distillery Rules, 1932, in their application to the State of Haryana, with effect from the 1st day of April, 2020, namely:-

1 These rules may be called the Punjab Distillery (Haryana Second Amendment) Rules, 2020.

2. In the Punjab Distillery Rules, 1932 (hereinafter called the said rules), in rule 28, after the existing clause, the following clause shall be inserted, namely:-

"(ii) The hours of operation for dispatches from distilleries shall be limited from 09:00 hours to 17:00 hours. If any distillery is found dispatching liquor beyond the prescribed hours, a penalty of Rs. 1.00 Lakh on first offence, Rs. 2.50 Lakh for second offence and Rs. 5.00 Lakh for third offence and on any subsequent offence, the license shall be cancelled.

3. In the said rules, in rule 32, for the letters and figures "a fee of Rs. 15 per day or part of a day is paid to Government", the words and figures "it can be further be extended by a distillery by payment of Rs. 10,000/- for 8 hours as a second shift with prior permission of competent authority" shall be substituted.

SHEKHAR VIDYARTHI,
Excise and Taxation Commissioner,
Haryana.

8860—C.S.—H.G.P., Pkl.